


निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर


# माली सैनी सन्देश


वर्ष: 19 | अंक : 227 | 30 अगस्त, 2024 | मूल्य : 30/-प्रति




# माली समाज के प्रथम वैवाहिक मेल मिलाप में अपार उत्साह



















## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण



जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह (पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरुषोत्तम सोलंकी (समाजसेवी, बाड़मेर)



श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत (पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)




श्रीमान रघुभाई देवड़ा (भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)



श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी (भेल इण्डिया, भोपाल)



श्रीमान नरपत सिंह सांखला (बिल्डर्स/समाजसेवी)



श्रीमान संतोक सिंह गहलोत (व्यवसायी/समाजसेवी)



श्रीमान तारासिंह सांखला (व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

1.एक सहेली ने दूस सहेली से पूछा :- बच्चा पैदा होने की खुशी में तुम्हारे पति ने तुम्हें क्या उपहार दिया ? सहेली ने कहा - कुछ भी नहीं। उसने सवाल करते हुए पूछा कि क्या यह अच्छी बात है? क्या उस की नजर में तुम्हा कोई कीमत नहीं रही ? शब्दों का ये भयानक विषैला बम गिरा कर वह सहेली तो दूस सहेली को अपनी चिंता में छोड़कर चलती बनी। थोड़ी देर बाद शाम के वक्त उसका पति घर आया तो पत्नी का मुंह लटका हुआ पाया। फिर दोनों में काफी झगड़ा हुआ। एक दूसरे को लानतें भे। मारपीट हुई, और अंत में पति पत्नी में तलाक ही हो गया।

**जानते हैं इस भयानक समस्या की शुरुआत कहां से हुई ? उन अनावश्यक प्रश्नों से जो उसका हालचाल जानने आई सहेली ने पूछे थे।**

2. विकास ने अपने मित्र मनोज से पूछा :- तुम कहां काम करते हो? 'मनोज' अमुक दुकान में।

विकास - कितनी तनख्वाह देता है मालिक? मनोज - 18 हजार रुपए। विकास - सिर्फ 18 हजार रुपये बस, तुम्हा जिंदगी कैसे कटती है इतने पैसों में? मनोज - (गह सांस खींचते हुए) - बस यार क्या बताऊं ? मुलाकात समाप्त हुई। कुछ दिनों के बाद मनोज अपने काम से बेरूखा हो गया और मालिक से तनख्वाह बढ़ाने की डिमांड कर दी। जिसे मालिक ने रद्द कर दिया। मनोज ने नौक छोड़ दी और बेरोजगार हो गया। पहले उसके पास काम था अब काम भी नहीं रहा।

3. एक साहब ने एक शख्स से कहा जो अपने बेटे से अलग रहता था। तुम्हारा बेटा तुमसे बहुत कम मिलने आता है। क्या उसे तुमसे मोहब्बत नहीं रही? बाप ने कहा बेटा ज्यादा व्यस्त रहता है, उसका काम का शेड्यूल बहुत सख्त है। उसके बीवी बच्चे हैं और उसे बहुत कम वक्त मिलता है। पहला आदमी बोला- वाह! यह क्या बात हुई, तुमने उसे पाला-पोसा उसकी हर ख्वाहिश पू की, अब उसको बुढ़ापे में भी व्यस्तता की वजह से मिलने का वक्त ही नहीं मिलता है, यह तो ना मिलने का बहाना है। इस बातचीत के बाद बाप के दिल में बेटे के प्रति शंका पैदा हो गई। बेटा जब भी मिलने आता वो ये ही सोचता रहता कि उसके पास सबके लिए वक्त है सिवाय मेरे।

याद रखिए जुबान से निकले शब्द दूसरे व्यक्ति पर तीर से भी गहरा घावध्असर डाल सकते हैं। बेशक कुछ नीच प्रवृत्ति के लोगों के मुंह से शैतानी बोल निकलते हैं।

हमा रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत से सवाल हमें बहुत मासूम लगते हैं पर गहरा घाव/ असर करते हैं।

जैसे- 1. तुमने अमुक वस्तु क्यों नहीं खरीदी ?

2. तुम्हारे पास अमुक वस्तु क्यों नहीं है ?

3. तुम इस व्यक्ति/महिला के साथ पू जिंदगी कैसे बिता सकते/ती हो।

4. तुम उसे कैसे मान सकते (ती) हो? आदि आदि।

इस तरह के अर्थहीन, मूल्यहीन और अनावश्यक प्रश्न और टिप्पणियां नादानी में, बिना मकसद, मजाक में या किसी के जहरीले आनंद के लिए अथवा कुछ शैतानी दिमाग या मनोवृत्ति वाले व्यक्ति अक्सर जानबूझकर भी पूछते रहते हैं। जबकि इस तरह के अनावश्यक और भयानक प्रश्न पूछने वाले शैतानी/भोले भाले मनुष्य यह भूल जाते हैं कि हमारे ये सवाल सुनने वाले के दिल में तीव्र घृणा या प्रेम या भयानक जहर के कौन से बीज कहां कहां बो रहे हैं ? आज के दौर में हमारे चारों ओर नि, व्यापार, व्यवसाय, समाज या निर्दोष घरों में जो अनावश्यक भयानक चिंता या तनाव का वातावरण बनता जा रहा है उनकी जड़ तक जाया जाए तो संभवत: और प्राय: इस भयानक जहर के पीछे किसी अन्य व्यक्ति का हाथ होता है। ऐसे व्यक्ति संभवत: यह नहीं जानते होंगे कि नादानी में या जानबूझकर बोले गए नकारात्मक और भयानक शब्द किसी या किन्हीं निरपराध व्यक्ति (यों) के वन में भयानक जहर घोल कर उसे तबाह और बर्बाद कर सकते हैं।

ऐसी भयानक और नकारात्मक हवा फैलाकर किसी या किन्हीं लोगों की जिंदगी बर्बाद करने और महापाप करने के भागीदारध्महापापी हमको तो बिल्कुल भी नहीं बनना चाहिए।

*समाज, परिवार या व्यक्तियों में किसी अन्य के अनावश्यक जहरीले प्रश्नों से उत्पन्न हो रहे भयानक तनाव का एक बहुत बड़ा कारण।*



**मनीष गहलोत**
संपादक

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# माली समाज के प्रथम वैवाहिक मेल मिलाप में अपार उत्साह











जोधपुर। माली सैनी समाज द्वारा आयोजित उच्च शिक्षित अविवाहित युवक युवतियों के मेल मिलाप आयोजन में परिजनों सहित युवक युवतियों ने भाग लिया। आयोजक मनीष गहलोत ने जानका देते हुए बताया महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति भवन में आयोजित इस आयोजन में 62 युवकों के साथ 42 युवतियों का रजिस्ट्रेशन हुआ और सभी को टेबल मीटिंग के माध्यम से एक दूसरे का परिचय परिजनों के साथ करवाया गया। आयोजन का मकसद यह था कि उच्च शिक्षित युवक युवतियों को उनकी शिक्षा के अनुरूप वर वधु चुनने का अवसर मिले और वह भी एक जगह पर। संत लिखमीदास महाराज की पूजा अर्चना करने के बाद सभी पधारे अतिथियों के साथ युवक युवतियों ने परिचय देना प्रारंभ किया और उसके बाद योग्य वर वधू के लिए लिस्ट बनाकर उपस्थित परिजनों एवं युवक की युवती से टेबल मीटिंग करवाई गई। यह हमारे समाज के लिए गर्व की बात है कि आज भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उनके पुत्र या पुत्री के परिजनों द्वारा ऐसे संस्कार दिए गए हैं कि वह विवाह के लिए अपने समाज और माता-पिता की सहमति से अपने वन साथी को चुनने का निर्णय लेते हैं जिसकी हम सभी प्रशंसा करते हैं। कार्यक्रम में सभी युवक युवतियों का संक्षिप्त विवरण एलईडी स्क्रीन पर भी चलाया गया।

इस अवसर पर आर्य समाज के कोषाध्यक्ष जयसिंह गहलोत ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेदों में विवाह को पवित्र बंधन माना गया है और उचित आयु में विवाह करना श्रेष्ठ होता है आज युवक युवतियों ने जो परिचय दिया उसे लगता है हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में कितना आगे बढ़ गया है आज के आयोजन में डॉक्टर, सीए सीएस, इंनियर्स, एल एल एम डिग्री, सरका विभागों में अधिका के साथ देश एवम विदेशों में लाखों करोड़ों के पैकेज पर हमारे समाज के युवक युवतियां ने Google, Amazon, Wipro, Tata, ICICI Bank सहित अन्य कई मल्टीनेशनल कंपनियों में अपनी प्रतिभा से विभिन्न उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। यही नहीं इस आयोजन में सरका अधिका मजिस्ट्रेट के साथ उद्योगपति, बैंक मैनेजर और फैशन डिजाइनर ने भी भाग लिया और बड़ी बेबाकी से अपना परिचय दिया है। आयोजन में पधारे परिजनों ने भी ऐसे आयोजन की समाज में सख्त आवश्यकता की बात करते हुए अपने विचार प्रकट किए और इस प्लेटफार्म के माध्यम से जोधपुर के अलावा विशाखापट्टनम, बैंगलोर, अहमदाबाद, सूरत, जालौर, पाली नागौर, दोसा, टोंक, मुंबई, जयपुर, गुडगांव, नोएडा के अलावा विदेशों से बेल्जियम और अश्वस्ट्रेलिया के साथ अमेरिका, कनाडा मलेशिया, दुबई, इंग्लैण्ड में कार्य करने वाले समाज के युवक युवतियों के भारतीय परंपरा और संस्कारो की झलक मिली जिससे बड़ा गर्व हुआ की आज भी हमारे बच्चे चाहे कही भी रहे और कितने ही बड़े पद पर कार्य करे लेकिन अपने समाज के साथ माता पिता के दिए उच्च संस्कारो का सम्मान करते हुए ऐसे आयोजन में समय निकाल कर आएं है।

आयोजन टीम में धर्मेंद्र सांखला, मीना सांखला सुधा गहलोत, मीनाक्षी परिहार, पंकज सांखला श्याम भाटी, विमलेश गहलोत अर्जुन सिंह गहलोत, नरसिंह गहलोत, यश गहलोत, विनीत भाटी और यश गहलोत ने भी अपनी सेवाएं दी। आयोजन समिति की ओर से सभी पधारे अतिथियो हेतु जलपान लंच एवं हाई टी की व्यवस्था की गई थी। और जोधपुर के बाहर से आएं परिजनों हेतु रहने की व्यवस्था की गई। आयोजन का सफल संचालन समाज के युवा एंकर, मोटिवेशनल स्पीकर और वक्ता अशोक टाक में आयोजन में विशेष सेवाएं दी जिस पर उनका अभिनंदन किया गया। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी भारतीय संस्कार और परंपरा निभाते हुए माली समाज के युवक युवतियों ने लिया भाग लिया।

## सुश्री हर्षिता परिहार ने गाड़े सफलता के झंडे पूरे देश में 43वीं रैंक प्राप्त कर माता पिता समाज को किया गौरवान्वित



दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को कॉस्ट अकाउंटेंट्स फाइनल, इंटरमीडिएट और फाउंडेशन का परीक्षा परिणाम जा कर दिया। फाइनल में जोधपुर की हर्षिका परिहार ने पूरे देश में 43वीं रैंक प्राप्त की। हर्षिका परिहार ने पूर्व में कॉस्ट अकाउंटेंट इंटरमीडिएट में भी 37वी रैंक प्राप्त की थी। वह चार्टर्ड एकाउटेंट हैं और वर्तमान में मुम्बई में कंसल्टेंसी फर्म में कार्यरत हैं। वह कापेरिट जश्चब के अलावा सरका जॉब को भी महत्व देती हैं। उसने दसवीं में 9.8 सीपीए और 12वीं 94 प्रतिशत हासिल किए। सफलता के बारे में पूछने पर हर्षिका ने बताया कि खुद का खुद से मोटिवेट करना सफलता प्राप्त करने का बेहतरीन तरीका है। स्वयं को हमेशा भीतर से मोटिवेट बनाए रखो।

हर्षिका ने बताया कि उन्होंने जैन मुनि चंद्रप्रभ सागर का चार्तुमास पूरे चार महीने सुना था और उनसे काफी मोटिवेट हुई थी। हर्षिका के पिता अविनेश परिहार एलआईसी में है और माता मीनाक्षी बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत है। हमें हर्षिता की उपलब्धियों पर गर्व है। हम हर्षिता के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हैं।

# डॉ. सैनी कंजर्वेशन चैंपियन अवार्ड 2024 से सम्मानित



नवलगढ़, सीकेएनकेएच फाउंडेशन के पर्यावरण विभाग ने विश्व संरक्षण दिवस के अवसर पर पर्यावरण विद् डॉ. राजेश कुमार सैनी को प्रतिष्ठित कंजर्वेशन चौंपियन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया स उल्लेखनीय है कि फाउंडेशन द्वारा देश विदेश के संरक्षण वादीयो और पर्यावरण योद्धाओं को पर्यावरण संरक्षण वन्य व संरक्षण पर्यावरण शिक्षा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाता है स डॉ. सैनी पर्यावरण शिक्षा पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण ऑडिट के क्षेत्र में समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं उनको फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर वर्चुअल समारोह के दौरान सम्मानित किया गया ।

डॉ सैनी के कार्यक्रमों का दूरदर्शन आकाशवाणी केंद्रो कम्युनिटी रेडियो से प्रसारण होता रहता है एवं पर्यावरण संबंधी पत्र पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित होते हैं स जन सहभागिता द्वारा लाखों वृक्ष लगा चुके हैं । डॉ. सैनी पूर्व में नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा पुरस्कार एवं समर्थ सुंदरलाल बहुगुणा पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं स उन्होंने इस अवसर पर लोगों का आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्ष लगाकर एवं उनका संरक्षण कर इस पावन धरा को हरा भरा बनाएं अपने इस सम्मान को उन्होंने राज्य के सभी पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान बताया ।

# संत शिरोमणि सावता महाराज की 729वीं पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि

महाराष्ट्र के संत शिरोमणि सावता माली की 729 पुण्यतिथि,उनकी के अवसर पर अरण स्थिति उनकी समाधि पर हजारों बरक संप्रदाय के लोगो ने पुष्पांजलि अर्पित की। अनेक कार्यक्रम आयोजित हु। इस अवसर पर महात्मा फुले सामाजिक शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गहलोत, पूर्व अध्यक्ष शंकरराव वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल कच्छावा पूर्व अध्यक्ष शंकर राव महासचिव रामनारायण चौहान ने भी पुष्पांजलि अर्पित की महाराष्ट्र के संत शिरोमणि शारदा माली ईश्वर की आराधना करने अपनी खेती बाड़ी ह्या ना बेचने के अलावा कहीं पर भी नहीं ई



फिर भी उन्हें अपने काम धंधा के साथ ही .भवान विट्ठल विष्ु के अवतार पंढरपुर स्थित सदा संत सावता माली के हृदय में निवास करते थे सादा वन उच्च विचार के धनी हु, समाज के लि, आदर्श है प्रतिवर्ष उनकी पु.यतिथि पर ,वं जयंती पर हजार अश्वन बड़क पैदल चलकर दर्शन करने पहुंचते हैं।

## ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि) के तत्वावधान में

# हरियाणा जोड़ो कार्यक्रम

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि) के तत्वाधान में हरियाणा जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश एवं जिला इकाई विस्तार कार्यक्रम का आयोजन हिसार जिले के सातरोड गांव में राजकुमार सैनी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, हंसराज सैनी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती नीलम सैनी महिला प्रदेश अध्यक्षा के मार्गदर्शन में जिला इकाई का विस्तार किया गया इस दौरान सैनी न्याय संघर्ष समिति के प्रधान महेंद्र सैनी सांखला एवं प्रदीप कटारिया को अश्वल इंडिया सैनी सेवा समाज जिला संरक्षक हिसार, कृष्ण



सैनी को जिला अध्यक्ष, अरुण सैनी को युवा जिला अध्यक्ष पद देकर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर भाई प्रवीण सैनी सांखला भी मौजूद रहे। मैं ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पदाधिका को नियुक्तियां देने के लिए दिल से हार्दिक अभिनंदन एवं धन्यवाद देता हूं।

# अजमेर माली (सैनी) सामूहिक विवाह समिति के आज निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए



अजमेर माली (सैनी) सामूहिक विवाह समिति के आज निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष घीसू लाल गढ़वाल, उपाध्यक्ष सुगन चंद उबाणा, महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत, सचिव बिशन सिंह सांखला, सह सचिव नेमीचंद बेरवाल, कोषाध्यक्ष नौरत सिंह कच्छावा, सह कोषाध्यक्ष भगवान स्वरूप भाटी, संगठन मंत्री पूनम चंद चौहान, प्रचार मंत्री ओम नारायण पालडिया और कार्यकारिणी सदस्य हेतु ओमप्रकाश तुनवाल, मदन लाल कच्छावा, ओमप्रकाश चौहान, राज किशोर सांखला, मोहनलाल उबाणा, पवन कच्छावा, कैलाश चंद्र भाटी निर्वाचित हुए।

सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान सामूहिक विवाह समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक

महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान सामूहिक विवाह समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन छात्रावास भवन में अध्यक्ष नंदलाल सैनी की अध्यक्षता में किया गया बैठक का संचालन धीरज सैनी सचिव के द्वारा किया गया बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत और वेलकम किया गया इसके पश्चात केंद्रीय कृषि एवं कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौध का स्वागत किया गया स्वागत के आज की इस मीटिंग में किशनगढ़ तहसील स्तर से जो समाज बंधु राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि) जयपुर के पदाधिकारी बने हैं उनका व राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि) के प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत,संरक्षक सेवाराम , प्रदेश संगठन महामंत्री भवानी शंकर सैनी, उपाध्यक्ष छोटू लाल सांखला, उपाध्यक्ष शिक्षाविद सर्वेश्वर पलाडिया, उपाध्यक्ष हेमराज खारोलिया, सचिव कानाराम उबाणा व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घीसालाल भाटी व अजमेर से आए रवि , राकेश गढ़वाल, हनुमान कच्छावा, नेमीचंद कच्छावा, माखनलाल मारोठिया इन सभी गणमान्य समाज बंधुओ का प्रबंध कार्यकारिणी की ओर से स्वागत किया गया।



स्वागत कार्यक्रम के समापन के पश्चात सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई और साथ ही निर्णय लिया गया कि जिन प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों व समिति के सदस्यों की सहयोग राशि व सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ है वह तुरंत जमा करवाए। प्रबंध कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को प्रबंध कार्यकारिणी की मीटिंग में आना अनिवार्य है और सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन हेतु सबसे पहले पेम्पलेट व पोस्टर तैयार करवाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें नंदलाल सैनी अध्यक्ष, छोटू लाल सांखला संरक्षक कानाराम उबाण संरक्षक घीसा लाल भाटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष. धीरज सैनी सचिव. बलराज सैनी कोषाध्यक्ष ये सदस्य होंगे। यह कमेटी सामूहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व पोस्टर पेम्पलेट तैयार करवाएगी। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी समाज बंधुओ से अपील की गई कि अबकी बार सामूहिक विवाह सम्मेलन में 100 से ज्यादा जोड़ों का रजिस्ट्रेशन करवाये इसमें सभी समाज बंधुओ के सहयोग की जरूरत है और सम्मेलन के प्रचार के लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग करेंगे।



बारकोड के लिए पंजाब नेशनल बैंक में अप्लाई कर दिया गया है जल्दी ही बार कोड आ जाएगा जिसके माध्यम से भी डोनेशन प्राप्त कर सकते हैं। समाज कल्याण विभाग से सामूहिक विवाह सम्मेलन की गाइडलाइन लेने का भी निर्णय लिया गया संस्थान परिसर के बाहर सड़क के किनारे जो पौधारोपण किया गया है उसमें ट्री गार्ड लगाए गए हैं जिन भामाशाहों का जो पैसा बकाया है उनसे भी अध्यक्ष महोदय द्वारा अपील की गई कि वो जल्दी से जल्दी बकाया राशि जो आपके द्वारा बोली गई है जमा करवाए।

नंदलाल सैनी अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों व जो समाज बंधु अपना अमूल्य समय निकालकर बैठक में आज उपस्थित हुए उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए मीटिंग के समापन की घोषणा की ।



# इंटरनेशनल लाठी प्रतियोगिता में समाज के बच्चों ने बाजी मारी

उज्जैन। विगत दिवस भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में गुजराती रामी माली समाज उज्जैन के अध्यक्ष द्वारकाधीश चौहान के सुपुत्र पीयूष रीना चौहान की 9 वर्षीय सुपुत्री कुमारी यशिका चौहान ने अपने उम्र वर्ग में दो गोल्ड एवं एक सिल्वर पदक प्राप्त किया।

इसी तरह रामीनगर विकास समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक परमार के सुपुत्र पंकज अमृता परमार के 15 वर्षीय पुत्र अखिलेश परमार ने अपनी उम्र वर्ग में दो गोल्ड एवं एक सिल्वर पदक प्राप्त किया। साथ ही समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोवर्धन लाल चौहान के सुपुत्र मनोज अनीता चौहान की 12 वर्षी पुत्री निष्ठा चौहान ने एक गोल्ड एवं एक सिल्वर पदक प्राप्त किया।



## बारां जिले के मांगरोल में संपन्न हुआ

# राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा का प्रथम प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

बारां। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि) का प्रथम प्रदेश स्तरीय सम्मेलन बारां जिले के मांगरोल में 4 अगस्त को आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने की।

सावित्रीबाई फुले की आदम कद मूर्ति पर माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण में प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने कहा कि राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा का उद्देश्य प्रदेश भर में माली समाज को एक एकजुट करना, शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाना, सामाजिक कुरीतियों को मिटाना, समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति की सहायता की सहायता करना तथा नगर पालिका, नगर निगम, नगर परिषद, विधानसभा या लोकसभा में हमा ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हो, इस उद्देश्य को लेकर महासभा प्रदेश पर में समाज को एकजुट करने के लिए तत्पर रहेगी।

प्रदेश संगठन महामंत्री भवानी शंकर माली ने कहा कि राजस्थान सरकार से माली समाज को आरक्षण दिलाने को लेकर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा बनाए गए 2 बोर्ड, महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड एवं लवकुश बोर्ड के चेयरमैन बनाने को लेकर जल्दी मुख्यमंत्री से पदाधिकारी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे तथा प्रदेश में समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

महासभा के संरक्षक विशनाराम देवड़ा ने कहा कि हमें हमारे वोट की कीमत समझनी होगी हमा जनसंख्या के हिसाब से हमें प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। मांगरोल नगर पालिका के अध्यक्ष कौशल सुमन ने संबोधन ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद 8 बीघा जमीन माता सावित्री बाई फुले के नाम का का नगर पालिका में प्रस्ताव पास कर जिला कलेक्टर के भिजवा दिया। उस जमीन पर समाज बंधुओ ने मिलकर छात्रावास का भवन निर्मित करवाया तथा सावित्रीबाई फुले की आदम का मूर्ति लगाई जिसका विकास कार्य अभी भी जारी है। मंच को श्रीमती शिला सैनी कार्यकारी अध्यक्ष महिला विंग, ललिता संजीव महरवाल श्रीमती प्रदेश महामंत्री, गीता सोलंकी महिला प्रदेश अध्यक्ष, गोपाल लाल माली भीलवाड़ा, भंवरलाल सैनी जयपुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बहादुरमल सैनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित कर समाज को संदेश दिया। मंच संचालन महासभा के प्रदेश प्रवक्ता सुनील सैनी ने जयपुर ने किया ।

अधिवेशन के दौरान बरसात में भी पदाधिकारियों ने मंच का संबोधन जा रखा तथा उपस्थित लोगों ने बरसात में भीगते हुए तथा कुर्सियां अपने सिर पर रखकर कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। प्रदेश स्तरीय अधिवेशन के दौरान बारां तथा झालावाड़ जिले के सर्वसम्मति से अध्यक्ष की नियुक्ति की गई।

प्रदेश भर से 103 राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि) के पदाधिकारियो ने अधिवेशन में शिरकत की। सभी पदाधिकारी का बारां जिले की ओर से साफा, शॉल, माला पहना कर सम्मान किया गया। अधिवेशन के पूर्व संध्या पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पदाधिकारी होटल राज में पहुंचने पर बारां जिले के पदाधिकारी, समाज बंधुओ की ओर से उनके होटल में रहने और भोजन की व्यवस्था की। कुछ पदाधिकारी बस, ट्रेन के माध्यम से अधिवेशन में पहुंचे। प्रात 11:00 बजे होटल राज से प्रदेश पधाधिकारियो का काफिला 25 कारों से कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पहले बाडिया वाले बाला के दर्शन कर प्रदेश में अमन चौन और शांति की कामना की।

साथ ही निशुल्क पशु पक्षी चिकित्सालय का भी अवलोकन किया 35 बीघा में बने इस चिकित्सालय का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया था। सभी पदाधिकारी ने महावीर पशु पक्षी चिकित्सा अस्पताल की सराहना की। प्रदेश स्तरीय अधिवेशन का आयोजन राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के महामंत्री भरत लाल सैनी, संयोजक महावीर प्रसाद सुमन, गजेंद्र सुमन, दौलत सुमन, सहित सभी बारां जिले के समाज बंधुओ का हार्दिक आभार।

# प्रबुद्धजनों द्वारा माली सैनी महासभा के अधिकारियों का सम्मान

अजमेर। माली (सैनी) समाज के प्रमुख समाजसेवियों, भामाशाह, प्रबुद्धजनों युवा व मातृशक्ति द्वारा रामनगर अजमेर स्थित माली (सैनी) समाज भवन में राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा (रजि) के संरक्षक सेवाराम दगदी व राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत का माला, सांफा व रामदरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर जोश, जोर शोर से भव्य स्वागत किया गया । स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित अजमेर जिले के प्रबधजनों को सेवाराम दगदी ने समाज के भामाशाहों को अन्य राज्यों के माली समाज की संस्थाओं से प्रेरणा लेकर आज के समय मे छात्रावास के निर्माण की महत्ता बताकर निर्माण करने का आह्वान किया । साथ ही राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा (रजि) के अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने युवाओं को समाज की रीढ़ की हड्डी बताकर प्रेरित कर शिक्षा, रोजगार व स्वयं का व्यवसाय शुरू कर औरों को भी दीपक की लौ की तरफ समाज मे रोशनी फैलाने का आह्वान किया साथ ही अपने उदबोधन से छात्रों को पूरे भारत के प्रमुख राज्यो में स्थित छात्रावास व शिक्षण संस्थानों के बारे में जानक देकर सभी को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया । इस अवसर पर अजमेर जिले की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े, भामाशाह समाजसेवी हनुमान प्रसाद कच्छावाह ने स्वागत सम्मानित समारोह में उपस्थित युवा गणों को राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा (रजि) जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत के संघर्षो व समाजसेवा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा व तत्परता से सीख लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया , अजमेर जिले के शिक्षक नेता माखनलाल मारोठिया ने श्रोताओं का स्वागत कार्यक्रम में जोश देखकर सभी को धन्यवाद दिया व अपने संबोधन में मातृशक्ति को शिक्षा व समाजसेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए जिससे कि व



आने वाली पीढ़ी के लिए माता सावित्री बाई फुले की तरह प्रेरणा बन सके ।

स्वागत सम्मान कार्यक्रम में चिरंजीलाल जादम, कन्हैयालाल उबाना, राजेंद्र दत्त मौर्य, बंसीलाल कच्छावा, भेरूलाल अजमेरा, भेरूलाल उबाना, प्रशांत कच्छावा, शंकर टांक, प्रेमचंद तुनवाल, दीपक सांखला, गंगाबीशन तंवर, नरेंद्र तंवर, परेश सांखला, राजूभाई सॉफा वाला, अशोक महावर, कैलाश टांक, नरेश सांखला, पंकज तूंदवाल, रामस्वरूप उबाना, बंटी कच्छावा, हेमंत उबाना, रामदयाल उबाना, उर्मिला मारोठिया, राज कुमार कच्छावा, संतोष भाटी, उषा सांखला, रोमा कच्छावा, निकिता कच्छावा,ज्योति कच्छावा, मंदीका तुनवाल इत्यादि ने उपस्थित होकर अपनी और से शुभकानाएं देकर समाज के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए धन्यवाद दिया ।

## माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के बैनर तले

# तीज स्नेह मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता समारोह पूर्वक सम्पन्न

झुंझुनूं। माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की महिला विंग द्वारा जिलास्तरीय तीज स्नेह मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता समारोह पूर्वक सम्पन्न हुई। महात्मा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में माली सैनी समाज संस्था की संरक्षक सुधा पंवार, संस्था की उपाध्यक्ष डॉ हेमलता सैनी, माली सैनी समाज संस्था के संरक्षक एवं भाजपा नेता मुरारी सैनी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मांवडिया, प्रधानाचार्य अनिता सैनी, डॉ कमलचंद सैनी, प्रचार मंत्री एवं पूर्व सरपंच रेखा सैनी, जिलाध्यक्ष बबली सैनी, महामंत्री मंजू सैनी, उपभोक्ता आयोग की सदस्य नीतू सैनी मंचस्थ अतिथि थे। संस्था की महिला जिलाध्यक्ष बबली सैनी, जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, महामंत्री रतनलाल सैनी, कोषाध्यक्ष महेश सैनी, सह कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष देवकरण सैनी, सहसंयोजक अतुल सैनी, झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी, सुधा सैनी, बृजेश सैनी, प्रधानाचार्य मीनाक्षी तंवर , डॉ जेपी सैनी ने माल्यार्पण कर तथा दुपट्टा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने अतिथि परिचय के साथ अपने उद्बोधन से स्वागत किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी संस्कृति को संरक्षण करते हैं। हमारी संस्कृति एवं सभ्यता ऐसे आयोजनों से साफ झलकती है। उन्होंने कहा स्नेह मिलन कार्यक्रम आपसी परिचय के साथ प्रगाढ़ सम्बन्ध स्थापित करते हैं। इससे सामाजिक समरसता के साथ सामाजिक एकता के भाव पैदा होते हैं। इस अवसर पर मेहंदी रचाओ, म्यूजिकल









चेयर, राजस्थानी फैंसी पोशाक प्रतियोगिता तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार रहे – मेहंदी प्रतियोगिता में बिंदिया सैनी पिलानी प्रथम, मानकी सैनी द्वितीय तथा पूनम व कृष्णा सैनी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार एकल नृत्य प्रतियोगिता में पूजा सैनी रतनशहर प्रथम, प्रतिभा द्वितीय, बबली सैनी तृतीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बबली सैनी प्रथम, कृष्णा द्वितीय एवं पूनम सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजस्थानी फैंसी पोशाक प्रतियोगिता में मंजू सैनी प्रथम, ऋतु बागड़ी द्वितीय तथा संगीता सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को 1100, 501, 251 रूपए का नकद पुरस्कार, लहरिया दुपट्टा, मैडल, प्रशस्ति पत्र भेंट कर अतिथियों ने सम्मान किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के निर्णायक नीतू सैनी, सदस्य उपभोक्ता आयोग, आईना सैनी, उपप्रधानाचार्य, अनोखा सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, मीनाक्षी तंवर, प्रधानाचार्य, सावित्री सैनी, मीनाक्षी सैनी, चिड़ावा अंकिता सैनी, उप प्रधानाचार्य, कल्पना सैनी, व्याख्याता हिन्दी, मोनिका सैनी थी। कार्यक्रम का संचालन सोनम पंवार व निशा सैनी ने किया।

आभार एवं धन्यवाद जिलाध्यक्ष बबली सैनी ने ज्ञापित किया। मीडिया प्रभा नरेश सैनी, सोशल मीडिया प्रभा अमित सैनी, व्याख्याता मुकेश सैनी, प्रदीप सैनी अशोकनगर, व्याख्याता दिलीप सैनी, व्याख्याता घनश्याम सैनी, वरिष्ठ अध्यापक दिलीप सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, सत्यनारायण हलकारा, वरिष्ठ अध्यापक, संदीप सैनी, प्रधानाचार्य महेन्द्र सैनी, संगठन मंत्री बाघसिंह तोमर का सराहनीय योगदान रहा।

## राजधानी दिल्ली में सैनी भवन का निर्माण



दिल्ली। ज्योतिबा फुले ट्रस्ट मंगोलपु में सैनी भवन का सुसज्जित भवन बनाने का अभियान जारी है। अब तक लगभग 50 प्रतिशत कंस्ट्रक्शन का काम हो चुका है। लक्ष्य है कि एक वर्ष में पूरा भवन बनकर तैयार हो जाए। यह भवन 50000 वर्ग फिट में बन रहा है। मंगोलपु के मुख्य मार्ग पर देश की राजधानी का यह अंतर्राष्ट्रीय भवन बन रहा है। ट्रस्ट द्वारा 80 एवं 12 ए इनकम टैक्स का रजिस्ट्रेशन है। यह भवन पूर्ण रूप से समाज के भामाशाहों द्वारा दिए गए दान से ही बन रहा है। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल कच्छावा, महासचिव रामनारायण चौहान ने बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, सेटलर महावीर सिंह सैनी, ट्रस्ट के महासचिव आजाद सिंह सैनी के साथ भवन का अवलोकन किया।

भवन निर्माण के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीपाल सैनी, कोषाध्यक्ष अर्जुन सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष समय सिंह सैनी, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी, प्रताप सिंह सैनी, संयुक्त सचिव इंनियर एमपी सैनी, संगठन सचिव डॉक्टर संजय ज्ञान सैनी, अमित सैनी, कार्यालय सचिव हर प्रसाद सैनी, कानूनी सलाहकार सुभाष सैनी, कार्यकारिणी सदस्य अमरत सिंह सैनी विशाल सैनी कमलकांत सैनी वेद प्रकाश सैनी रवि सैनी मेघराज नंबरदार बहादुर सिंह सैनी साधुराम सैनी राजेश कुमार सैनी सुरेंद्र सैनी ने ट्रस्ट के निर्माणधीन भवन में दिन-रात परिश्रम करके बहुत सीमित अवधि में निर्माण को गति दे रहे हैं। ट्रस्ट की अपेक्षा है कि राजधानी दिल्ली में बनने वाले इस बहु प्रतीक्षित सैनी भवन के लिए निर्माण में योगदान हेतु आगे यथासंभव योगदान कर निर्माणधीन भवन को पूर्णता के लिए सहयोगी बने। लेटिनम ट्रस्टी 21लाख, डायमंड ट्रस्टी 11,00,000 लाख, गोल्डनट्रस्टी 5,00,000 लाख, सिल्वर ट्रस्टी 2,51,000 हजार, ट्रस्टी 1,11,000 हजार, कक्ष को गोद लेने के लिए 5 लाख रुपए राशि निर्धारित की है। समाज का कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार का योगदान अपनी क्षमता अनुसार सहयोगी बनकर करने हेतु आगे आए। यह ट्रस्ट के पदाधिकारी ने अपेक्षा की है।

# सेवा, परोपकार व उद्योगजगत में बड़ी उपलब्धि हासिल की है शेखावाटी के मुरली बालाण ने

लक्ष्मणगढ़ । सेवा, परोपकार व उद्योग जगत की चर्चा शेखावाटी के मुरली बालाण के बिना अधूरी सी लगती है। मूल रूप से चूरू के रहने वाले बालाण का नाम शेखावाटी ही नहीं देश में सेवा, परोपकार व उद्योग जगत में बड़ी सिद्धत के साथ लिया जाता है।

करीब तीन दशक पूर्व चूरू के गलियारों से निकल कर मुम्बई पहुंचने वाले बालाण का शुरूआती दौर बड़ा ही संघर्ष और कठिनाइयां में गुजरा ना रहने का ठिकाना था और ना ही खाने पीने का इंतजाम था। लेकिन कहते है ना कि बहता हुआ पानी और उभरती हुई प्रतिभा अपना रास्ता खूद ब खुद तय कर लेती हैं। ठीक उसी तरह बालाण ने भी संघर्ष और कठिनाइयों से घबराने की बजाय कुछ बड़ा करने की सोच के साथ आगे बढ़ने लगे। कभी खूद रोजगार के झूझने वाले बालाण आज सैंकडो लोगों के रोजगार का जरिया बने हुए है। शेखावाटी ही नहीं अपितु मुम्बई में सेवा व परोपकार की मिसाल बने बालाण की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि भायंदर मुंबई में समाज के लिए समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से भवन खरीदा जो शेखावाटी से जाने वाले व वहां के नागरिकों के लिए अस्थाई आवास व गेस्ट हाउस के रूप में उपयोग में लिया जाता है तथा सैनी युवा प्रतिष्ठान का गठन कर मुम्बई सैनी समाज की प्रतिभाओं को निखारने व आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं ।







उद्योग व व्यापार जगत में स्थापित होने से पहले बालाण 1993 में मुम्बई की ओर कदम बढ़ाया तथा शुरूआती एक दशक तक स्वयं को स्थापित करने के लिए कई तरह के संघर्ष से जुझते रहे तथा सन् 2003 में एक पुरानी कंपनी जो बंद होने की कगार पर थी उसको खरीदने की रिस्क ली तथा अपनी जमा पूंजी, गाड़ी आदि बेचकर 13 लाख रुपए में उस कंपनी को खरीद कर व्यापार व उद्योगजगत की ओर कदम रखते हुए धीरे-धीरे व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए मुम्बई के ही नहीं देश विदेश के उद्योगजगत में मुरली बालाण का नाम बड़ी सिद्धत के साथ लिया जाने लगा है।

उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी मुरली बालाण ने कंपनी खरीद कर उसे शुरू करने के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा तथा प्रगति व विकास की ओर कदम बढ़ाते गये । कभी रोजगार के लिए भटकने वाला युवा आज युवाओं के प्रेरणास्रोत बने हुए तथा सैकड़ों लोगों को रोजगार दे रहे है। अंतरराष्ट्रीय उद्योगजगत में कोणार्क पोलिमर प्राइवेट लिमिटेड का बड़ा नाम है तथा उद्योगजगत में वायर एवं केबल की इंडस्ट्रीज को पीवीसी कंपाउंड्स की आपूर्ति के लिए जानी जाती हैं। तथा सिलवासा व भरूच में दो फैक्ट्री स्थापित कर प्रोडक्शन कर आपूर्ति की जाती है। समाज के लिए सहज उपलब्ध रहने वाले बालाण हंसमुख स्वभाव व प्रतिभा के धनी हैं आपने सामाजिक क्षेत्र में अनेकों ऐसे कार्य किए हैं जिनकी फेहरिस्त काफी लंबी चौड़ी है।

गरीब व जरूरतमंद के लिए हमेशा आगे रहने वाले बालाण सेवा, परोपकार व उद्योग जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। समाजसेवी भामाशाह उद्योगपति बालाण का मानना है कि समाज में सभी सक्षम लोगो को कम से कम दो-दो और लोगो की लीडरशिप विकसित करनी चाहिए ।

उनका कहना है कि अपने लिए तो हर कोई जीता है परंतु ईश्वर ने हमें मौका दिया है परिवार, समाज और देश के विकास में अपना सकारात्मक सहयोग करना चाहिए तथा कर भला हो भला कहावत को चरितार्थ करे । उनका कहना है कि कभी भी कोई भी व्यक्ति सफल व्यक्तित्व व लोगो से प्रेरणा लेकर सकारात्मक सोच को वन में आत्मसात करें ना की कॉपी पेस्ट कर। समाजसेवी भामाशाह उद्योगपति बालाण ने मानना है कि सामाजिक, लोकहित व व्यवसायी उत्थान, प्रगति व विकास में सभी पांचों भाईयों का साथ, माता पिता का आशीर्वाद, धर्मपत्नी राधा बालाण की प्रेरणा व दोनों बेटों व बहू का अपार सहयोग रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में जोधपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे सांखला



जोधपुर। पीपाड़ उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालवां खुर्द निवासी अनिल सांखला पुत्र बंशीलाल को दिल्ली में होने वाले 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से चयनित किया गया है। जिला युवा अधिका राजेश चौध ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से राजस्थान के 33 जिलों में से मेरा युवा भारत की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार युवाओं का चयन किया गया है। जिसमें जोधपुर से अनिल सांखला का चयन किया गया है। सांखला द्वारा पूर्व में उल्लेखनीय कार्य किए गए थे। सांखला ने दो वर्षो तक रेलवे में पशुधन बचाओ अभियान के प्रचारक के रूप में भूमिका निभाई तथा इनकी संस्था महात्मा ज्योतिबा फुले युवा मंडल को जोधपुर जिले का सर्वश्रेष्ठ यूथ क्लब अवार्ड 2023 के सम्मान से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नेशनल यूथ फेस्टिवल नासिक में भी सांखला जोधपुर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सांखला अभी वर्तमान में मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन की पढ़ाई के साथ युवाओं के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में अपना अहम योगदान दे रहे है। जोधपुर के युवाओं के लिए गर्व की बात है कि सांखला को भी आईडीसी 2024 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया हैं।

## हार्दिक बधाई



समाज की होनहार बेटी सुश्री उर्वशी किशोर कुमार कच्छवाहा 200 उड़ान पूर्ण कर कमर्शियल पायलट कैप्टन बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

हम उर्वशी के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# शनिवार देर रात घर से लापता हुई थी युवती, सुबह पुलिस ने बताया तब पता चला उप स्वास्थ्य केंद्र के बंद भवन में मिला युवती का शव, दुष्कर्म के बाद हत्या का केस दर्ज

खेतीनगर। गोठड़ा ग्राम पंचायत की बाढ़ की ढाणी में रविवार को एक युवती का शव मिला। शव दो साल से बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र के बाथरूम में मिला। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस भी सिर में ईट से चोट मारकार हत्या मान रही है। वहां से खून लगी ईट भी बरामद की गई है। खेतड़ीनगर पुलिस के अनुसार दोपहर साढे 12 बजे उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक युवती का शव होने की जानकारी मिली। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाया। उन्होंने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र करीब दो साल से बंद पड़ा है। उसी केन्द्र में युवती का शव मिला इलाके से एक युवती घर से लापता थी। लापता युवती के परिजनों को बुलाकर शिनाख्त करवाई तो परिजनों ने उसकी पहचान कर ली।

'' गोठड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में खुन के निशान थे, बाथरूम में युवती का शव पड़ा था। युवती के सिर पर किसी ने इंटरलॉकिंग ईट से वार कर हत्या की और बाथरूम में घसीट कर डाला दिया। मौके पर संदिग्ध सामान भी मिला है।''

**विजयसिंह चंदेल, थानाधिकारी**

**ईट से वारकर हत्या की गई, आपत्तिजनक सामग्री भी मिली:** घटनास्थल से एफएसएल टीम ने आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया हैं। मृतका के पिता ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर हत्या की गई है रिपोर्ट में बताया कि वह चौमू के एक अस्पताल में अपने रिश्तेदार से मिलने गया था, शनिवार रात को उसकी बेटी खाना





खा कर सो गई थी, रविवार सुबह पांच बजे पत्नी ने फोन पर सूचना दी। दोपहर में बाढ़ की ढाणी के उप स्वस्थ्य केन्द्र के पास पहुंचा तो वहां पुलिस व भीड़ जमा थी। रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई ने मृतका की पहचान की है। बेटी का शव बाथरूम में पड़ा था। उसके मुंह व सिर पार चोट के निशान थे। रिपोर्ट में शक जाहिर किया की उसकी बेटी को डरा धमका कर उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाकर दुष्कर्म किया गया और हत्या कर दी गई। डीएसपी जुल्फिकार अली ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। दो टीमों का गठन कर वारदात के आरोपियों का सुराग लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**शव लेने से इनकार, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग:** आरापियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने शव लेने स इनकार कर दिया और धरने पर बैठ। डीएसपी जुल्फिकार अली ने परिजनों को आश्वासन दिया की सुबह आठ बजे तक आरापियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी के आश्वासन के बाद परिजना धरने स उठ गए। लेकिन सुबह आठ बजे तक आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद ही शव लेने को तैयार हुए। मृतक के पिता ने कहा की सुबह आठ बजे तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो साढ़े आठ बजे अस्पताल के सामने धरना देंगे।

**विधायक ने कहा बिना किसी दबाव के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करें:** विधायक धर्मपाल गुर्जर भी मौके पर पहुंचे। उन्होने डीएसपी जुल्फिकार अली व थानाधिकारी को आरोपियों को बिना किसी दबाव के गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जिन्होने यह जघन्य कांड किया है आरोपी चाहे कोई भी हो उनकी तुरंत गिरफ्तारी होनी चहिए।

# 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर डॉ.राजेश कुमार सैनी सम्मानित

नवलगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झुंझुनू के स्वर्ण जयंती स्टेडियम में हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार सैनी को सम्मानित किया गया। डॉ. सैनी समाजसेवी हरित गृह विशेषज्ञ एवं सलाहकार को कृषि उद्यानिकी एवं वानिकी में नवीनतम तकनीक के प्रचार प्रसार करने के लिए जिला कलेक्टर चिन्मई गोपाल ने मोमेंटो ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

पूर्व में डॉ सैनी अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा पुरस्कार, समर्पण सुंदरलाल बहुगुणा पर्यावरण अवार्ड, कंजर्वेशन चैंपियंस अवार्ड, राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार, बलि राजा कृषि अवार्ड, राष्ट्रीय कृषि गौरव पुरस्कार, किसान वैज्ञानिक पुरस्कार, आईएडीसी 2020, शेखावाटी गौरव पुरस्कार, धरतीपुत्र सम्मान, शेखावाटी महोत्सव पुरस्कार से सम्मानित है।



पूर्व में सैनी नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, नेपाल, अफगानिस्तान इत्यादि देशों की यात्राएं कर चुके हैं। डॉ सैनी लंबे समय से पर्यावरण, कृषि, हाईटेक नर्सरी, बागवानी, वृक्षारोपण, पत्रकारिता, कृषि प्रशिक्षण क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। डॉ सैनी के कार्यक्रम दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्रो से प्रसारित होते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ सैनी नवलगढ़ के रहने वाले है। डॉ सैनी ने इस सम्मान को अन्नदाताओ, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रदेश के पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान बताया।

# ताराचन्द सैनी दूसरी बार महासभा जिलाध्यक्ष मनोनीत



सोजत। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा का कॉपरेटिव डिपार्टमेंट गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान से रजिस्टर्ड होने के पश्चात प्रदेश स्तरीय बैठक का जयपुर स्वेज फार्म सोडाला स्थित हीरा वैली रिसॉर्ट में आयोजित हुई। संपूर्ण राजस्थान प्रदेश से सैकड़ों समाज बंधुओं ने भाग लिया। पूर्व महामंत्री भवानी शंकर माली ने अवगत करवाया कि राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा का गठन सन् 1982 हुआ था। अब तक इसका रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर इसका रजिस्ट्रेशन अक्टूबर, 2023 में करवाया गया हैं। महासभा का रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात पहली प्रदेश स्तरीय बैठक राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा रजि की विशनाराम देवड़ा रिटायर आरएएस की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले एवं माली समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज की पूजा-अर्चना कर आहूत की गई। सदन में उपस्थित प्रदेश के सभी पदाधिकारी और समाज बंधुओं ने 9 जून को जम्मू के रियासी में हुए आतंकी हमले में जयपुर से माली समाज के चार दिवंगत आत्माओं के लिए 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व सूचना अनुसार उक्त मीटिंग में नई कार्यकारिणी बनाने पर विचार विमर्श किया। तत्पश्चात गोपाललाल माली भीलवाड़ा ने सदन के सामने अध्यक्ष पद पर ताराचंद गहलोत पुष्कर वाले के नाम का प्रस्ताव रखा। उपस्थित सदन ने ध्वनिमत से सामूहिक सहमति व समर्थन देने पर सभा अध्यक्ष देवड़ा द्वारा गहलोत के नाम की घोषणा की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने सभी का आभार व्यक्त किया और विचार व्यक्त किया कि महासभा की संपूर्ण राजस्थान में जिला एवं तहसील स्तर पर कार्यकारिणी बनाकर सामाजिक कार्य करने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष गहलोत ने महासभा के विस्तार करने को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्रेशन अहम भूमिका निभाने वाले भवानी शंकर माली को महामंत्री मुख्यालय एवं बहादुरमल सैनी को कोषाध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव रखने पर सभी ने सहमति दी। सोजत के ताराचंद सैनी मेहंदी वाले के समाज के प्रति समर्पण भाव पूर्व में महासभा का जिलाध्यक्ष का दायित्व भली-भांति निभा कर समाज सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निर्वाह कर महासभा का मान बढ़ाने पर दूस बार जिलाध्यक्ष पाली की नियुक्ति की गई।

इनकी नियुक्ति पर महासभा संरक्षक सेवाराम दगदी, विशनाराम देवड़ा, अध्यक्ष ताराचंद गहलोत आदि ने सैनी को माला पहनाकर कर नियुक्त पत्र दिया । जिससे संपूर्ण राजस्थान में खुशी की लहर छाई और सोजत किशनलाल कच्छवाह, पूर्व चौधरी केवलचंद टाक, पुष्पतराज मुणोत, जगदीश गहलोत, राजकुमार चौधरी, सोहनसिंह कच्छवाह, नरपतराज मुणोत, हरिनारायण पाराशर आदि सैनी को बधाई प्रेषित की । नियुक्ति पश्चात सैनी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया ।

# राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली संघ ने किया मेधावी विधार्थियों का अभिनंदन

हैदराबाद। राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली संघ, बेगम बाजार के तत्वावधान में तेलंगाना माली युवा संगम द्वारा मेधावी विधार्थी अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कक्षा 10वीं एवं उससे ऊपर की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों, प्रोफेश्नल कोर्स जैसे सीए, सीएस, एलएलबी, एलएलएम, एमबीबीएस, एमएस इत्यादि में उत्तीर्ण समाज के छात्र - छात्राओं को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनराज स्कूल, नागौर राजस्थान के संस्थापक एवं प्रबंधक निदेशक सचिन भाटी उपस्थित थे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज के चित्र को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर अध्यक्ष रामवल्लभ भाटी, मंत्री राधाकिशन परिहार, टी. एम.वाई.एस. संरक्षक घनश्याम भाटी, महिला अध्यक्ष अनुराधा सोलंकी द्वारा किया गया। राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली सभागृह में 300 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन नवनीत देवड़ा, मधु सोलंकी और अंकित सोलंकी ने किया। मुख्य अतिथि सचिन भाटी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और समय समय पर समाज के विधार्थियों को अपनी ओर से मार्गदर्शन देने की सहमति जताई।



समाज अध्यक्ष रामवल्लभ भाटी ने विद्यार्थियों के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही । तेलंगाना माली युवा संगम के अध्यक्ष अविनाश देवड़ा ने युवा संगम द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो का ब्यौरा दिया और युवा संगम से जुड़ने के लिए मेधावी विधार्थियों का आह्वान किया। साथ ही भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की ।

इसके अलावा समाज के विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं समाज में स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता लाने में युवा संगम द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। संगम के मार्गदर्शक रमेश सोलंकी ने संगठन की शक्ति एवं सेवा समर्पण पर अपने विचार रखे। माली महिला संगठन से सुमन टाक ने कहा कि महिला संगठन भी समाज एवं युवा संगम के हर कार्य में सदैव सहयोग करेगा । अवसर पर युवा व्यवसायी किशन टाक, वेलनेस कोच राधिका चौहान ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन संगम के तरुण कच्छवाहा ने किया। कार्यक्रम में माली महिला संगठन, रामजाने सेवा संघ, लिखमीदास सेवा समिति, जय बाबा रामदेव सेवा संघ, माली युवा सेना एवं ह्यूमैनिटी फ्रेंड्स ग्रुप का योगदान रहा। अवसर पर रामकिशोर कच्छवाहा, त्रिलोकचंद भाटी, देवेंद्र सांखला, राजेंद्र देवड़ा, हुकमीचंद सोलंकी, रतनलाल पंवार, सुरेश भाटी, जेठाराम परिहार, दर्शन भाटी, अजय परिहार, तरुण कच्छवाह, वासुदेव सांखला, दर्पण पंवार, कैलाशचंद देवड़ा, हिमांशु गहलोत, अभिषेक देवड़ा, जय सोलंकी, धीरज सोलंकी, हरिणारायण देवड़ा, राजसिंह पँवार, राजेश्व भाटी, संतोष टाक, नीलू भाटी, सुमन गेहलोत, रूपा सांखला, वंदना भाटी, लक्ष्मण सिंह पंवार, उमेश गहलोत, जितेंद्र पंवार एवं अन्य की उपस्थिति रही ।

# शिक्षा समिति ने 50 प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया व 300 छात्र-छात्राओं को 1500 पुस्तिकाओं का वितरण किया





उज्जैन। मारवाड़ी माली समाज संत लिखमीदास शैक्षणिक एवं पारमार्थिक समिति के तत्वावधान में विष्णु वाटिका, पिपलीनाका पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अभ्यास पुस्तिका वितरण कार्यक्रम के आयोजन में समाज के 55 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, समाज के 300 छात्र–छात्राओं को 1500 अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत लिखमीदासजी महाराज, महात्मा फुले एवं सावित्री देवी फुले के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विशेष अतिथि के रूप में सोनू गहलोत पूर्व न.नि. अध्यक्ष, समाज अध्यक्ष लीलाधर भाटी एवं वनमाली पत्रिका संपादक गजानंद रामी थे। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्षता नेमीचंद मारोठिया ने की। मुख्य वक्ता राजू सैनी (चाणक्य कोचिंग इंस्टिट्यूट इन्दौर) ने समाज के बच्चों के कैरियर के बारे में बताया, कि बच्चों को 5 वीं कक्षा से ही उसके कैरियर की ओर ध्यान दिया जायेगा, तो आगे उसका लाभ बहुत मिलता है। वह एक दिन अच्छे पद पर जाकर समाज व देश का नाम रोशन करेगा। हमें बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देना चाहिए, हम संयुक्त परिवार में रहेंगे तो हमारा परिवार भी सुरक्षित रहेगा और हमारे बच्चे भी संस्कारवान बनेंगे, माता–पिता से ज्यादा संस्कार दादा–दादी से मिलते है। सोनू गेहलोत ने कहा कि बच्चों को सुबह जल्दी उठने, मोबाईल, टीवी कम से कम देखने, माता–पिता का कहना मानने के साथ ही सनातन संस्कृति का ज्ञान हर बच्चों में हो।

समिति का परिचय कोषाध्यक्ष सुरेशचंद्र गेहलोत ने दिया, व स्वागत भाषण अशोक देवड़ा ने दिया। संचालन सत्यनारायण कच्छावा ने किया। आभार समिति अध्यक्ष नेमीचंद मारोठिया ने माना। इस अवसर पर समिति के सचिव– हिम्मत बागड़ी, उपाध्यक्ष– लालाराम गहलोत , किशोर कुमार भाटी, नरेन्द्र कुमार सांखला, गणेश कुमार दग्दी, ओमप्रकाश गहलोत कमल सांखला, अशोक बागड़ी, दिनेश भाटी, सत्यनारायण तंवर, प्यारेलाल कच्छावा, रमेशचन्द्र गहलोत, मंगल कछावा, मधु भाटी, सीमा भाटी, पायल भाटी, जगदीश भाटी, बाबुलाल सांखला, प्रवीण गहलोत, अशोक सांखला, लीलाधर भाटी, प्रवीश भाटी, रोहित गहलोत नेमीचंद भाटी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सुविधा-आधुनिक भवन में होगी सभी सुविधाएं, ग्रामीणों ने चंदे से जमीन का समतलीकरण किया

# रतनपुराः भामाशाह माता-पिता की स्मृति में 3 करोड़ से बनाएंगे स्कूल भवन



सांचौर। जिले के चितलवाना पंचायत समिति के रतनपुरा फुलियाकला गांव में भामाशाह की ओर से अपने माता–पिता की स्मृति में 3 करोड़ रुपए खर्च करके राजकीय स्कूल का भवन बनाने की घोषणा की है। जिसका कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पर चार भाई भामाशाह प्रेमाराम, मिश्राराम, रायमल व हरिराम सोलंकी निवासी रतनपुरा ने अपने माता पिता मोनी देवी हरदान सोलंकी (माली) की स्मृति में भवन बनाने की घोषणा की है। इसके बाद अब भामाशाह ने स्कूल के अत्याधुनिक भवन की ड्राइंग बनवाने के साथ ही काम शुरू कर दिया हैं। इससे पहले ही स्थानीय ग्रामीणों ने चंदा एकत्र कर निर्धारित जमीन के आधे हिस्से में समतलीकरण करवा दिया है। इस भवन के बनने के बाद स्कूल भवन में आधुनिक सभी प्रकार की सुविधा होगी।

**चितलवाना: आदर्श विद्या मंदिर के भवन की घोषणा:** इन चारों भामाशाहों के अहमदाबाद व मुम्बई में स्टील का कारोबार है। इन्होंने इससे पहले भी चार स्थानों पर पानी की प्याऊ का निर्माण करवाया है। इसके अलावा चितलवाना में आदर्श विद्या मंदिर की जमीन सहित भवन बनाने की घोषणा की है। चारदीवारी का काम शुरू है। इसके अलावा भामाशाह परिवार ने चितलवाना पुलिस थाना, राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय ठेलिया, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोमी, पीएम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा में पानी की प्याऊ का निर्माण करवाया है। स्कूल के पास बनेगी नई बिल्डिंग वर्तमान में जिस जगह पीएम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा का संचालन किया जा रहा है। उस जगह जमीन कम है ऐसे में गांव में इसी स्कूल के पास खाली जमीन पर यह भवन बनाया प्रधानाध्यापक पोकराराम सारण ने बताया कि उन्होंने भामाशाहों को प्रेरित किया ।

# संगीता सैनी को राज्य स्तरीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



नागौर। गुलाबी नगरी जयपुर में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय संस्थान एवं सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्थान द्वारा नारी शक्ति सम्मान एवं लहरियों उत्सव आयोजित किया गया।

लहरियों उत्सव में एक नृत्य प्रतियोगिता में नागौर की संगीता सैनी पुत्री रामलाल कच्छवाह और पत्नी रामनरेश भाटी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके राज्य स्तर पर नागौर का नाम रोशन किया। समारोह में राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चन्देल सहित सैनी समाज के विधायक, पूर्व विधायक आदि मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश की बेटियों के साथ बॉर्डर पर मनेगा जोधपुर की बेटियो का रक्षाबंधन

बैतूल (मध्य प्रदेश)। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के साथ-साथ मध्यप्रदेश के बैतूल का राष्ट्र रक्षा मिशन भी रजत जयंती मना रहा है। सेना के जवानों की हौसला अफजाई करने के संकल्प के साथ, इस वर्ष बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति का राष्ट्र रक्षा मिशन दल 18 अगस्त की शाम को बाड़मेर पहुंचेगा और 35 सदस्यीय दल द्वारा 19 एवं 20 अगस्त को भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सैनिकों की कलाई पर तिरंगा राखियां बांधी जाएगी। जोधपुर से भी इस बार 4 सदस्यीय दल राष्ट्र रक्षा मिशन के साथ भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात जवानों के साथ रक्षा बंधन मनाएगा। जोधपुर से राष्ट्र रक्षा मिशन की संयोजक आशा कछवाह ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह कारगिल के युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले शहीद जवानों के लिए 527 राखियां पोस्ट की जाएगी। साथ ही द्रास सेक्टर में व कारगिल विजय स्मारक पर तैनात मद्रास रेजिमेंट के जवानों के लिए भी राखियां पोस्ट की जाएगी। यह राखियां बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की अध्यक्ष गौ बालपुरे के नेतृत्व में प्रतिवर्ष भे जाती है।

**2021 में कारगिल पहुंचा था राष्ट्र रक्षा मिशन:** आशा ने बताया कि वर्ष 2021 में राष्ट्र रक्षा मिशन के 17 सदस्यीय दल ने द्रास क्षेत्र में कारगिल विजय स्मारक में स्थापित कैप्टन विक्रम बतरा,




ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, राइफलमेन संजय कुमार, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पाण्डे, कैप्टन एन कें गुरुज, मेजर सोनम वान्गचुक, मेजर विवेक गुप्ता, मेजर पद्मपानी आचार्य, लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, नायक दिगेन्द्र कुमार की प्रतिमाओं सहित सभी 527 शहीदों को तिरंगा राखियां समर्पित की थी। उन्होंने बताया कि कारगिल के योद्धाओं से बैतूल का कच्चे धागे से पक्का नाता जुड़ गया है, जिसे हमेशा निभाया जा रहा है। प्रतिवर्ष समिति कारगिल के शहीदों के प्रति कृतज्ञ भाव के साथ 527 राखियां समर्पित करेगी।

